**The Speaker made references to the passing away of Sh. Darur Pullaiah, Member of 6th and 7th Lok Sabha, Prof. Mahadeorao Shivankar Member of 9th and 14th Lok Sabha, Sh. Kusuma Krishna Murthy, Member of 6th , 7th and 9th Lok Sabha and Sh. Shamanur Shivashankarappa, Member of 12th Lok Sabha**

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दु:ख के साथ सभा को अपने चार पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना है।

**श्री दारूर पुल्लैया** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी और सातवीं लोक सभा के सदस्य रहे।

वे संसद सदस्यों के वेतन तथा भत्तों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य भी रहे।

श्री दारूर पुल्लैया का निधन 12 मई, 2025 को कर्नाटक के बलारी में 86 वर्ष की आयु में हुआ।

**प्रो. महादेवराव शिवणकर** महाराष्ट्र के चिमूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 9वीं और 14वीं लोक सभा के सदस्य रहे।

वे संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे।

इसके पूर्व, उन्होंने महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य के रूप में 6 कार्यकाल के लिए अपनी सेवाएं दीं। वे महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रहे।

प्रो. महादेवराव शिवणकर का निधन 20 अक्टूबर, 2025 को महाराष्ट्र के गोंदिया में 85 वर्ष की आयु में हुआ।

**श्री कुसुमा कृष्ण मूर्ति** आंध्र प्रदेश के अमालापुरम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी, सातवीं और नौंवी लोक सभा के सदस्य रहे।

वे विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे।

श्री कुसुमा कृष्ण मूर्ति का निधन 13 दिसंबर, 2025 को नई दिल्ली में 85 वर्ष की आयु में हुआ।

**श्री शम-नूर शिव-शंकरप्पा** कर्नाटक के दावणगेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 12वीं लोक सभा के सदस्य रहे।

वे मानव संसाधन विकास संबंधी संसदीय समिति के सदस्य भी रहे।

इससे पहले, उन्होंने कर्नाटक विधान सभा के सदस्य के रूप में 6 कार्यकालों तक कार्य किया। वे कर्नाटक सरकार में मंत्री भी रहे।

श्री शम-नूर शिव-शंकरप्पा का निधन 14 दिसंबर, 2025 को बेंगलुरु में 94 वर्ष की आयु में हुआ।

यह सभा अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

अब सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में मौन रहेगी।

**11.04 hrs**

*The Members then stood in silence for a short while.*

**माननीय अध्यक्ष:** ॐ शान्ति: शान्ति: शान्ति: ।

---